卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य: शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 51 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦27 नवम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## राज्यपाल ने 1172 विद्यार्थियों को बांटी उपाधियां

### पंतनगर विश्वविद्यालय 36वां दीक्षांत समारोह धूमधाम से सम्पन्न






रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंडित गोबिन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के आज आयोजित हुए 36 वें दीक्षांत समारोह में 1172 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) गुरमीत सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ अनिल चौहान, अति विशिष्ठ अतिथि कृषि मंत्री गणेश जोशी, केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा, कुलपति डा. मनमोहन सिंह आदि ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समारोह में चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ अनिल चौहान और प्रगतिशील किसान पद्मश्री प्रेमचन्द शर्मा को विज्ञान वारिधि की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2023-24 तक पाठ्यक्रम पूरा कर चुके 778 स्नातक, 278 स्नात्कोत्तर व 116 परास्नात्कोत्तर सहित कुल 1172 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई। साथ ही एक सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसके अलावा श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 15 विद्यार्थियों को कुलपति पदक, 12 को रजत पदक एवं 12 को कांस्य पदक प्रदान किये गये। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कर्ष कार्य करने पर चार विद्यार्थियों को पूरण आनन्द अदलखा अवार्ड, सरस्वती पांडा अवार्ड, नागम्मा शांता बाई अवार्ड, डा. राम शिरोमणि तिवारी अवार्ड, दो विद्यार्थियों को चौधरी चरण सिंह मैमोरियल इंटेलेक्च्युअल अवार्ड, दो विद्यार्थियों को भारत रत्न पंडित गोबिन्द बल्लभ अवार्ड तथा डा. एएन मुखोपाध्याय गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी, विधायक रूद्रपुर शिव अरोरा,प्रगतिशील किसान प्रेम चन्द्र शर्मा, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, एसएसपी मणिकांत मिश्रा आदि समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एनडी तिवारी से ‘बड़ी लकीर’ खींचने में जुटे धामी

### पल में खास से आम बन जाते हैं मुख्यमंत्री, लोगों के बीच पहुंच कर सहज ही मिटा देते हैं सत्ता और आम इंसान के बीच का फासला










देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी अपने राजनीतिक जीवन के उत्कर्ष के दौरान विकास पुरुष के रूप में जाने तो जाते ही थे, साथ ही सहजता और सरलता के कारण उनकी आम लोगों के बीच एक विशेष तरह की लोकप्रियता थी। उनके बारे में कहा जाता है कि वे जहां भी जाते थे वहां उनका काफिला अपने आप बनने लगता था। पुराने लोगों को नाम सहित याद रखने की उनके अंदर अद्भुत क्षमता थी । दशकों पहले मिले व्यक्ति को भी वे देखते ही पहचान लेते थे और उससे बेहद सहज भाव से आम आदमी की तरह मिलते थे।भले ही उस समय वे मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री ,सांसद अथवा विधायक क्यों ना रहे हो? लेकिन उन्होंने सामने वाले को यह कभी एहसास नहीं होने दिया कि वह किसी खास शख्सियत से रूबरू हैं। एनडी तिवारी के बाद उत्तराखंड में कई मुख्यमंत्री आए और चले भी गए ,लेकिन किसी भी मुख्यमंत्री ने जन सामान्य के बीच एक आम इंसान की भांति मौजूदगी दर्ज करने में रुचि नहीं दिखाई। उन्होंने आमतौर पर सत्ता और आम इंसान के बीच के फासले को बनाए रखने में ही अपनी शान समझी, मगर उत्तराखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कार्य व्यवहार अपने पूर्ववर्ती शासन प्रमुखों से बिल्कुल जुदा है। ऐसा लगता है जैसे वह सरलता एवं सहज भाव से सामान्य लोगों से मिलने के क्रम में, एनडी तिवारी द्वारा खींची गई लाइन से कहीं बड़ी लाइन खींचने की कोशिश में जुटे हैं। सीएम धामी की सरलता एवं सौम्यता की बानगी कुछ (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरों ने बंद घर से नगदी ,जेवर सहित लाखों का माल उड़ाया



गदरपुर(उद संवाददाता)। सकैनिया चौकी क्षेत्र में चोरों ने बंद घर को निशाना बनाकर लाखों के जेवर और नगदी पर हाथ साफ कर लिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। जानकारी के अनुसार सकैनिया पुलिस चौकी के निकटवर्ती ग्राम अब्दुल्ला नगर में मुख्य मार्ग व यूपी उत्तराखंड के बॉर्डर के निकट चोरों ने आबादी के बीच एक बंद घर को निशाना बनाया जिसमें चोर तीन तोले सोना 20 तोले चांदी व 48000 की नगदी चुरा कर ले गए। घर की मालकिन कृष्णा बाई के पति की कुछ समय पूर्व मृत्यु हो गई थी दोनों पुत्रियों का विवाह हो चुका है। कृष्णा बाई की खेती की जमीन पीलीभीत में है। बीते 5 दिनों से कृष्णा बाई पीलीभीत गई हुई थी। कल शाम पीलीभीत से वह घर आ रही थी लेकिन रात्रि देर होने के कारण वह सितारगंज में अपनी रिश्तेदारी में रुक गई। वहीं पड़ोस में ही रहने वाली कृष्णा बाई की बहन राजरानी सुबह जब घर के बाहर झाड़ू लगाने आई तो देखा घर का ताला खुला हुआ था। जब राज रानी और उसका पुत्र कृष्णा बाई के घर पहुंचे तो घर के सारे ताले टूटे पड़े थे और सामान अस्त व्यस्त था। इसकी सूचना उन्होंने फोन पर कृष्णा बाई को दी। कृष्णा बाई जब घर पहुंची तो कमरे में रखी दोनों पेटियो के ताले टूटे हुए थे। यह देखकर कृष्णा बाई के होश उड़ गए उन्होंने देखा कि पेटी में रखे तीन तोले सोना 20 तोले चांदी और कंबल के बीच में रखे 48 हजार की नगदी पर चोरों द्वारा हाथ साफ कर लिया गया। सूचना पर पहुंचे सकैनिया चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना कर जानकारी जुटाई (शेष पृष्ठ 7 पर)

## शादी से 15 दिन पहले युवती को लेकर फरार हुआ युवक

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र की विधवा महिला ने शादी से 15 दिन पूर्व गांव के ही युवक पर अपनी पुत्री को बहलाकर घर में रखी ज्वैलरी व नगदी लेकर जाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर सौपकर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम टुकड़ी निवासी देवकी देवी पत्नी कैलाश जोशी ने थाने में तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री का रिश्ता हो चुका था, जिसकी बारात 10 दिसम्बर को आनी थी, शादी को लेकर घर में तैयारी चल रही थी, आरोप है कि गांव का ही एक युवक 23 नवम्बर की रात्रि उसकी पुत्री को जबरन बहला फुसला कर ले गया है। देवकी देवी ने आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री अपने साथ में घर में रखे जेवर व 1 लाख की नगदी साथ ले गई है। जिसकी तहरीर थाने में देने (शेष पृष्ठ सात पर)




भोग/अंतिम अरदास

बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है मेरी धर्म पत्नी **आशा रानी** अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर 17 नवंबर को गोलोक प्रस्थान कर गयी है। उनकी आत्मिक शांति के लिए **भोग/अंतिम अरदास दिनांक 29 नवंबर दिन शुक्रवार** को दोपहर 12 से 2 बजे तक सुंदर बाग पैलेस दरऊ मार्ग,किच्छा में संपन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

**कुंदन लाल खुराना ( वरिष्ठ भाजपा नेता )**
प्रशांत-दीपिका खुराना (पुत्र-पुत्रवधू),
हर्ष-तनु खुराना (पुत्र-पुत्रवधू)
योगिता-राजकुमार बजाज (पुत्री-दामाद)
सतीश-शैलका खुराना,विनय-मोना खुराना, हेमंत-प्रीति खुराना,
श्याम -भावना खुराना( भतीजे-पुत्रवधु), शुभम खुराना ( भतीजा)
**समस्त खुराना एवं ग्रोवर परिवार**

प्रतिष्ठान: जय किसान सेवा केंद्र, सांवरिया फार्म सीड्स,
हर हर महादेव फूड्स, किच्छा ( ऊधम सिंह नगर ) मो.9758902008


## टैम्पों में यात्री के बैग से लाखों के जेवर चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रोडवेज स्टेशन से टेम्पों में सवार होकर परिवार के साथ किच्छा जा रहे यात्री के बैग से अज्ञात व्यक्ति ने जेवरात चोरी कर लिए। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में नदीम पुत्र अब्दुल खालिक निवासी मदीना मस्जिद के पास बरेली गेट, रामपुर ने कहा है कि 23 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे वह अपने परिवार के साथ रूद्रपुर से टेम्पों में सवार होकर किच्छा जा रहा था। उसके पास एक सूटकेस था । जिसमें 2 सोने के हार, एक सोने के कान के झाले, एक सोने चांदी का झूमर, एक सोने का टीका, एक सोने का पैडिल, तीन सोने की अंगूठियाँ, एक सोने की कान की बाली, चांदी की पायलें और कपड़े रखे हुए थे। नदीम का कहना है कि टेम्पो संख्या यूके 06 टीए 4361 के चालक हरिओम ने उसका बैग पीछे की तरफ रख दिया। जब उसने बैग के पास बैठने को (शेष पृष्ठ सात पर)

## गश खाकर गिरे मजदूर की मौत



रूद्रपुर। गत दिवस साथियों के साथ बातचीत करते अचानक गश खाकर गिरे मजदूर की मौत हो गई। साथी उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिय। जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से ग्राम मजूअर जिला मुजफ्फरपुर बिहार निवासी मजदूर 55 वर्षीय बैजनाथ सैनी पुत्र स्व. तापेश्वर ग्राम खानपुर में अपनी पत्नी पुकारा देवी, दो पुत्रियों व चार पुत्रों के साथ रहता था और ठेकेदार रामबाबू सैनी के अधीन मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जाता है कि बैजनाथ गत दिवस ठेकेदार रामबाबू व अन्य साथियों के साथ खानपुर में रिंग रोड़ पर बातचीत कर रहा था कि अचानक वह गश खाकर गिर गया। साथी उसे तुरंत उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले गये जहां उसकी हालत में सुधार न होने पर (शेष पृष्ठ सात पर)

# बागेश्वर में अंग्यारी महादेव मंदिर के महंत की हत्या

## 23 नवंबर को बदरीनाथ धाम से अपने सहयोगी साधु अर्जुन दास के साथ लौटे रहे थे महाराज निर्माण, क्षेत्रवासियों व साधु संतों में आक्रोश

बागेश्वर/गरूड़ (उद संवाददता)। अंग्यारी महादेव शिव धाम के महाराज निर्माण (50) की हत्या कर दी गई है। उनका शव मंदिर से 500 मीटर दूर संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। राजस्व पुलिस ने प्रथमदृष्टया महाराज की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए कर्णप्रयाग के एक टैक्सी चालक को हिरासत में लिया है। एसडीएम जितेंद्र वर्मा ने बताया कि पुलिस को महाराज की हत्या के मामले में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। महाराज के साथ एक अन्य साधु भी था जो लापता है। राजस्व पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी है। राजस्व पुलिस के अनुसार मजकोट के ग्राम प्रधान मदन मोहन गुसाई और व्यापार संघ गरुड़ के अध्यक्ष महेश ठाकुर ने मंगलवार को अंग्यारी महादेव मंदिर से 500 मीटर दूर महाराज का शव देखने की सूचना एसडीएम गरुड़ और पटवारी पिंगलों को दी। डीएम आशीष भटगांई के निर्देश पर एसडीएम जितेंद्र वर्मा, सीओ अंकित कंडारी, नायब तहसीलदार प्राची बहुगुणा, थानाध्यक्ष बैजनाथ प्रताप सिंह नगरकोटी, पटवारी कुंदन प्रसाद दोपहर बाद घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। मौके पर पहुंचकर राजस्व पुलिस ने महाराज का शव बरामद करने के बाद पंचनामा कराया और पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।महाराज के भक्तों ने भी उनकी हत्या की आशंका जताई है। गोमती घाटी और चमोली जिले के देवाल इलाके में दहशत है। भक्तों ने महाराज की हत्या करने वालों को शीघ्र सलाखों के अंदर करने की मांग की है। लोहागढ़ी निवासी और व्यापार संघ गरुड़ के अध्यक्ष महेश ठाकुर ने पुलिस



से मामले की गहराई से जांच कराने की मांग की है। मजकोट के ग्राम प्रधान ने बताया कि महाराज के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंग्यारी महादेव के महाराज निर्माण की हत्या का समाचार सुनकर पंचदशनाम जूना अखाड़ा बागेश्वर और जिलेभर के संत आक्रोशित हैं। संत समाज ने महाराज की हत्या का शीघ्र पर्दाफाश करने के लिए कहा है। मामले का पर्दाफाश नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है। मजकोट के ग्राम प्रधान मदन गिरि गुसाई और लोहागढ़ी निवासी महेश ठाकुर के अनुसार अंग्यारी महादेव के महाराज निर्माण 23 नवंबर को बदरीनाथ धाम से अपने सहयोगी साधु अर्जुन दास के साथ एक टैक्सी में सवार होकर अंग्यारी महादेव मंदिर के लिए निकले थे। उसी दिन शाम के पांच बजे महाराज माईथान में अभिषेक पुंडीर की दुकान में अपने सहयोगी संत अर्जुन दास और टैक्सी चालक के साथ बैठे। 25 नवंबर तक उनके अंग्यारी महादेव मंदिर नहीं पहुंचने पर उनके भक्तों को उनकी चिंता सताने लग गई। 26 नवंबर को उनका कमंडल और कुछ सामान मजकोट के ग्रामीणों ने जंगल में देखा जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई। ग्रामीणों ने उनका शव मंगलवार को मंदिर से कुछ ही दूर देखा। मजकोट के ग्रामीणों का कहना है कि महाराज के साथ जो साधु अर्जुन दास बदरीनाथ से आया था वह भी मंदिर नहीं पहुंचा। मजकोट के ग्रामीणों का कहना है कि साधु अर्जुन दास भी लापता है। पंच दस नाम जूना अखाड़ा बागेश्वर, पिंगलेश्वर, कार्तिकेश्वर, कपिलेश्वर, कंठेश्वर, प्रकटेश्वर, दिव्येश्वर मंदिर, चक्रवृतेश्वर शिव धाम के साधुओं ने अंग्यारी महादेव के महाराज की हत्या का शीघ्र पर्दाफाश कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। विधयक पार्वती दास, दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, ब्लॉक प्रमुख हेमा बिष्ट ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

## भू-कानून का उल्लंघन करने वालों से जमीन नहीं खरीदें लोग

देहरादून। प्रदेश सरकार ने स्थानीय लोगों को सावधान किया कि वे राज्य से बाहर के उन लोगों से भूमि का सौदा न करें, जिन्होंने भू कानून का उल्लंघन कर जमीनें खरीदी हैं। इससे स्थानीय लोगों को वित्तीय नुकसान हो सकता है। अपर सचिव राजस्व आनंद श्रीवास्तव के मुताबिक, राज्य में मौजूदा भू-कानून के उल्लंघन से जुड़े मामलों में प्रशासन स्तर से कार्रवाई जारी है। कार्रवाई के बीच ऐसी सूचनाएं आ रहीं कि राज्य से बाहर के लोग, जिन्होंने पूर्व में भू-कानून का उल्लंघन कर जमीनें खरीदी हैं, वे अब इन जमीनों को राज्य के लोगों को बेच रहे हैं। इसलिए स्थानीय जनता से अपील की है कि ऐसे लोगों से किसी भी तरह से भूमि का सौदा न करें, ताकि भविष्य में उन्हें किसी भी तरह का कोई वित्तीय नुकसान न हो। यदि राज्य से बाहर के किसी व्यक्ति ने भू-कानून उल्लंघन कर राज्य में जमीन खरीदी है तो उस प्रकरण में भू-कानून के स्पष्ट प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। कहा, जिला स्तर पर डीएम को भी जमीनों की रजिस्ट्री में में सतर्कता बरतने को कहा गया है।

## आपदा मद में उत्तराखण्ड के लिए 139 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा मद में उत्तराखण्ड के लिए 139 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किए जाने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह का आभार प्रकट किया है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने उत्तराखण्ड समेत विभिन्न राज्यों के लिए आपदा न्यूनीकरण और क्षमता निर्माण परियोजनाओं के लिए 1115.67 करोड़ की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड के लिए स्वीकृत धनराशि से आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणाली को मजबूत करके आपदाओं के दौरान जान-माल को होने वाले किसी भी बड़े नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी। उच्चस्तरीय समिति ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में सिविल डिफेंस के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए 115. 67 करोड़ की कुल लागत वाली एक अन्य परियोजना को भी मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री धामी ने इसके लिए भी केंद्रीय गृहमंत्री एवं समिति का आभार प्रकट किया है।

## नए पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने सीएम धामी से की भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक श्री दीपम सेठ ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस महानिदेशक श्री दीपम सेठ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था के साथ ही पुलिस को स्मार्ट पुलिसिंग की ओर ले जाना है। उन्होंने कहा पुलिस के सशक्तिकरण के



साथ उन्हें एडवांस टेक्नोलॉजी के माध्यम से भी जोड़ना है। राज्य सरकार का संकल्प ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड बनाना है, जिसमें पुलिस की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा समाज में नशे के खिलाफ तेजी से अभियान चलाना है और ड्रग्स माफिया और तस्करों को जेल में डालना है। यातायात सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाना है।

## एसबीआई की म्युचुअल फंड शाखा का उद्घाटन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। गुरुनानक टावर दुर्गा सिटी सेंटर में एसबीआई की म्युचुअल फंड शाखा का उद्घाटन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के उप महाप्रबंक के. के. विश्नोई ने किया। इस अवसर पर रवि बर्थनाल महेश चंद्र कुलबे ने बताया कि आम जनता का इस पर विश्वास दिलाना ही हमारा उद्देश्य है। एसबीआई म्युचुअल फंड भारत का सबसे बड़ा म्युचुअल फंड है, जिसका एयूम 11.25,000 करोड़ है। इस दौरान उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में हमारी चौथी शाखा का उद्घाटन हुआ है।



हल्द्वानी के अलावा देहरादून, हरिद्वार और रुड़की में भी शाखाएँ। इस दौरान उप महाप्रबंक ने कहा कि स्टेट बैंक पर हर किसी का विश्वास है शाखाओं में ही इस योजना का लाभ ग्राहकों को दिया जाता है। उन्होंने कहा कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 7 जिलों का नेतृत्व करता है 6 जिले कुमाऊं के आज गढ़वाल का स्टेट बैंक हर ग्राहक का विश्वनीय बैंक है और हमारा प्रयास रहता है कि हर ग्राहक को बेहतर से बेहतर सुविधा मिल सकेइस अवसर पर मुनीश सबरवाल जोनल हेड-उत्तर, समीर सक्सेना क्षेत्रीय प्रमुख उत्तराखंड, राकेश नेगी, शाखा प्रबंधक हल्द्वानी भी उपस्थित थे।

## चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

किच्छा (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलभट्टा थाना पुलिस ने एक नशा तस्कर को 620 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलभट्टा थानाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा चैकिग के दौरान नदेली रोड बरी कट के पास संदिग्ध रूप से घूमते एक व्यक्ति को



पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता तेजराम पुत्र नन्हेलाल निवासी ग्राम बरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 620 ग्राम चरस बरामद हुई। तेजराम ने बताया कि ज्यादा पैसो के लालच मे चरस बेचने का काम करता है और बरा बाजार में बीडी तंबाकू का ठेला भी है। एक छोटा हाथी गाडी का ड्राईवर उसे ठेले पर चरस देकर जाता है। चरस फुटकर में बेचकर अपना व अपने परिवार का पेट पालता हूं। पुलिस ने बरामद चरस कब्जे में लेकर तेजपाल को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक पंकज कुमार, कांस्टेबल अनिल कुमार व दीपक बिष्ट शामिल थे।

## वन विभाग की टीम ने मार गिराया आदमखोर गुलदार

टिहरी (उद संवाददाता)।घनसाली-भिलंगना ब्लॉक के हिंदाव क्षेत्र में तीन मासूमों को निवाला बनाने वाले आदमखोर गुलदार को वन विभाग की टीम ने देर रात ढेर कर दिया। विगत एक माह से विभागीय शूटरों की टीम आदमखोर की तलाश में जुटी हुई थी, जिसे देर रात को भोड़गांव गदेरे में मार गिराया गया। रेंजर आशीष नौटियाल ने बताया कि गुलदार की उम्र लगभग सात वर्ष है और मादा गुलदार है। गुलदार का पोस्टमार्टम कर शव को जला दिया जाएगा। बता दें आदमखोर गुलदार हिंदाव क्षेत्र में विगत



22 जुलाई, 29 सितम्बर, 19 अक्टूबर को तीन मासूमों को अपना निवाला बना चुका था, जिससे गुलदार को लेकर क्षेत्र में आक्रोश बना हुआ था। लोगों में दहशत का माहौल बन गया था, आदमखोर गुलदार ढेर करने के आदेश मिलने के बाद वन विभाग ने शूटरों की टीम क्षेत्र में तैनाती की थी जिसके बाद उसे मार दिया गया।

# पत्नी और सास से हुआ था दामाद का झगड़ा

हरिद्वार(उद संवाददाता)। हरिद्वार के रानीपुर कोतवाली क्षेत्र की टिहरी विस्थापित कॉलोनी में पति ने अपनी पत्नी और सास की हत्या कर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पत्नी पर बेसबॉल से वार करने के बाद सास के सिर में पिस्तौल से गोली मारकर फिर खुद को गोली से उड़ा लिया। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची और शवों को कब्जे में लिया। हरिद्वार रानीपुर कोतवाली की टिहरी विस्थापित कॉलोनी में एक ही परिवार में पत्नी-सास और दामाद की मौत से ध मनगरी के लोग सहम उठे। मकान में ऊपरी मंजिल पर किराये पर रहने वाला परिवार भी दहशत में आ गया। पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि दिन में भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। दोनों के बीच बात-बात पर विवाद होने लगा। सोमवार की शाम अचानक फिर विवाद हुआ और कुछ मिनट तक कहासुनी हुई। इसके बाद चिल्लाने की आवाजें आई और फिर अचानक सबकुछ शांत हो गया। देर शाम पहले कहासुनी और फिर गोली चलने की आवाज आने पर बुजुर्ग के पोते को किरायेदार ने जानकारी दी।पोते ने परिचित को फोन किया और फिर पुलिस तक बात पहुंची। गेट तोड़कर अंदर पहुंचने पर तीन शव खून से लथपथ मिले तो पुलिस भी सन्न रह गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक



मूल रूप से पटना निवासी स्व. जगदीश चंद्र दीपक का परिवार काफी साल पहले टिहरी विस्थापित कॉलोनी में आकर रहने लगा था। उनकी पत्नी शकुंतला दीपक काफी समय से बेटी और दामाद के साथ दिल्ली में रह रहीं थीं। उनका एक पुत्र मेरठ में रहता है, जबकि पोता अर्णव देहरादून में नौकरी करता है।रविवार को ही राजीव अरोड़ा, उनकी पत्नी सुनीता, सास शकुंतला हरिद्वार आए थे। सोमवार की शाम अचानक तीनों के बीच ऐसा क्या हुआ कि बात इतनी बढ़ गई। पुलिस की मानें तो पहले झगड़ा होने पर कहासुनी की आवाजें ऊपर पहली मंजिल पर किराये पर रहने वाले परिवार की महिला ने सुनी। फिर कुछ देर बाद सुनीता और शकुंतला के चीखने की आवाज आई। इससे पहले गोलियां भी चलीं। इस आवाज को सुनकर वह नीचे आई तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। किरायेदार ने फोन कर देहरादून में बुजुर्ग शकुंतला के पोते अर्णव को अनहोनी होने की जानकारी दी। वहीं हत्याकांड की जानकारी मिलने पर एसएसपी हरिद्वार परमेंद्र डोभाल ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। मृतकों की शिनाख्त राजीव अरोड़ा (60) पुत्र स्व. संसार सिंह और सुनीता (55) पत्नी राजीव अरोड़ा निवासी दिल्ली मूल पता आर्यनगर ज्वालापुर, शकुंतला (78) पत्नी स्व. जगदीश चंद्र निवासी टिहरी विस्थापित कॉलोनी रानीपुर के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने पूछताछ की तो इसमें अधेड़ सास-पत्नी की हत्या करने और खुद को गोली मारने की बात सामने आने पर अधिकारी भी सन्न रह गए। इस सनसनीखेज वारदात का पता चलते ही लोग सहम उठे। बहरहाल अब तीनों की मौत के बाद खूनी विवाद का राज भी नहीं खुल पाया।

# शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराई नि:शुल्क नेत्र जांच

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 16 बाजार क्षेत्र के मंगल पड़ाव में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट द्वारा किया गया। चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लोगों के नेत्रों का परीक्षण किया गया। वार्ड नंबर 16 पाण्डेय का बगीचा में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र परीक्षण के साथ ही शिविर में आए लोगो



की रक्त से संबंधित जांचे, बीपी इत्यादि जांच भी की गई और नि:शुल्क दवाई वितरित की गई। शिविर मे डॉक्टर शुभांगी पाण्डेय ने रोगियों को परामर्श दिया एवम स्वास्थ परिक्षण किया। लैब टेक्निशियन संजय डालाकोटी, ऑप्टोमेट्रिस्ट रवि उप्रेती, नर्सिंग स्टाफ दीप्ति जोशी, अनिता गोस्वामी और पंकज पप्पने राहुल पाण्डेय ने सहयोग किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय सचिव कस्तूरबानंद जोशी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुकाशल, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कार्तिक हरबोला, नगर महामंत्री पंकज अधिकारी, मनीष पाल, डीके गुप्ता, मुरली मनोहर मुलानी आदि लोग उपस्थिति थे।

# मलबे में दबने से पिता पुत्र की मौत

बागेश्वर(उद संवाददता)। उत्तराखंड के बागेश्वर में मंगलवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। राजस्व पुलिस क्षेत्र जखेड़ा में घर के पीछे की नाली की सफाई और इसे चौड़ा करने के दौरान भू-धंसाव हो गया। इसके मलबे में दबने से पिता-पुत्र की मौत हो गई। तीन अन्य श्रमिक मलबे में दबने से बाल-बाल बच गए। राजस्व पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार लाहुरघाटी के कालारौ-बैगांव निवासी प्रेम सिंह (50) पुत्र लाल सिंह अपने मकान के पीछे की नाली की सफाई करवा रहे थे। उनके साथ उनका पुत्र दर्शन सिंह (23) और





तीन अन्य लोग गोपाल प्रसाद पुत्र बिशन राम, विनोद कुमार पुत्र हिम्मत राम, पान सिंह पुत्र जेठा सिंह भी कार्य कर रहे थे। नाली की सफाई के दौरान चौड़ीकरण के लिए पीछे की दीवार की खोदाई चल रही थी। इसी दौरान दीवार से एकाएक भू-धंसाव होने लगा। अचानक गिरे मलबे में प्रेम सिंह और उनका पुत्र दर्शन सिंह दब गए। नाली साफ करने में लगे तीन अन्य श्रमिकों ने भागकर जान बचाई। हादसे में बच गए श्रमिकों और आसपास के लोगों ने मिट्टी और मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला। ग्राम प्रधान चंपा हुलोरिया ने घटना की सूचना पटवारी जखेड़ा युवराज गोस्वामी को दी। ग्रामीण मलबे में दबे पिता-पुत्र को जिला चिकित्सालय बागेश्वर ले गए। यहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। कालारौ बैगांव निवासी कैलाश हुलोरिया ने बताया कि प्रेम सिंह जखेड़ा बागेश्वर पेयजल योजना में काम करता था। जखेड़ा की ग्राम प्रधान हेमा परिहार, पूर्व ग्राम प्रधान ईश्वर परिहार, प्रेमा परिहार, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र परिहार ने मृतकों के परिजनों को दैवीय आपदा मद से आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

# युवक ने गंगा में लगाई छलांग

ऋषिकेश। ऋषिकेश में एक युवक देर रात गंगा में कूद गया। उसका कुछ पता नहीं लग सका है। बताया जा रहा है कि उसने कूदने से पहले घरवालों को मैसज भी किया था। घटना की सूचना मिलते ही आस्था पथ पर लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, गौतम अरोड़ा(20) पुत्र दलीप अरोड़ा मनीराम मार्ग, ऋषिकेश ने 72 सीढ़ी पर गंगा में छलांग लगा दी। लोगों का कहना है कि उसने मैसेज पर लिखा था कि श्मम्मी-पापा अपना ध्यान रखना। मैं आत्महत्या कर रहा हूं। उसने मैसेज कर मोबाइल मंदिर के बाहर रख दिया और गंगा में कूद गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

# सिंचाई विभाग ने कराई रामसागर नहर की सफाई

गदरपुर(उद संवाददाता)। आगामी गेहूं की फसल की सिंचाई को देखते हुए सिंचाई विभाग ने रामसागर नहर की सफाई कराई। अब गेहूं की फसल को आसानी से मिल नहर का पानी मिल सकेगा। जानकारी के अनुसार बौर जलाशय से निकलने वाली रामसागर नहर से हजारों एकड़ फसल की सिंचाई की जाती है जिसमें नर सरोवर नगर से लेकर सकैनिया बकैनिया तक और बरेली नगर से लेकर कुई खेड़ी मजरा मरदान तक नहर में भीषण गंदगी थी जिससे बौर जलाशय से राम सागर



नहर से आने वाला पानी किसानों के खेतों तक नहीं पहुंच पाता था जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी रोष था।जिसके मद्दे नजर सिंचाई विभाग ने नहर की सफाई कराई अब नहर में आने वाले पानी से गेहूं की फसल की सिंचाई बहुत आसानी से की जा सके और किसानों को नहर के पानी का भरपूर फायदा मिल सकेगा ।

# रात के अंधेरे में चल रहा अवैध मिट्टी खनन का खेल

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नानकमत्ता तहसील के अंतर्गत सिसईखेड़ा के डोहरा अजनिया में पिछले कुछ दिनों से रात के अंधेरे में मिट्टी खनन माफिया द्वारा डम्पर तथा जेसीबी लगाकर अवैध मिट्टी खनन का कार्य किया जा रहा है,मिट्टी खनन माफिया राजनीतिक संरक्षण व पुलिस प्रशासन की मिली भगत से अवैध मिट्टी खनन का कारोबार कर रहे हैं। लगभग एक हफ्ते से लगातार रात होते ही सिसईखेड़ा के डोहरी लिंक रोड पर इंजिनिया ओर डोहरा के बीच में कच्चे रास्ते पर खेत से अवैध मिट्टी जेसीबी लगा कर डंपरो में भरकर अवैध मिट्टी खनन का कार्य खुलेआम मिट्टी खनन माफिया कर रहे



है। लगभग 1 एकड़ से भी अधिक खेत से अवैध मिट्टी खनन किया जा चुका है। प्रशासन गहरी नीद सोया हुआ है।जबकि हाईवे के किनारे कई प्लाटो में मिट्टी पटान भी खुलेआम किया जा रहा है।इसमें अगर सूत्रों की माने तो मिट्टी खनन माफिया अपने को सत्ताधारी पार्टी का नेता कहते भी सुने गए है।जिससे राजस्व विभाग को भी लाखो का चूना लगाया जा रहा है। मिट्टी खनन माफिया चांदी काट रहे है क्षेत्र के पटवारी जगदीश फर्त्याल से वार्ता की गई तो उनके द्वारा मौके पर जाकर देखा गया। उन्होंने बताया कि लगभग 1265 घनमीटर अवैध मिट्टी उठान किया गया है और उनके द्वारा यह भी बताया गया कि मेरे साथ मौके पर कानूगो मोहिउद्दीन मालिक भी गए थे। ओर हमारे द्वारा कल तक इसकी रिपोर्ट तहसीलदार सितारगंज को सौंप दी जाएगी।इधर तहसीलदार सितारगंज पूजा शर्मा जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है।

# राज्य स्तरीय कला उत्सव में स्कूली बच्चों ने मचाइ धूम

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोंजन किया गया। जिसमें प्रदेश भर से आएं बच्चों ने कला उत्सव में प्रतिभाग कर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। पुष्पा प्रियका विद्या मंदिर के सभागार में सम्रग विकास के तहत आयोंजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार ने अपने सम्बोंधन में कहा कि हर्ष का विषय है कि प्रदेश स्तरीय कला उत्सव का आयोंजन धार्मिक स्थल नानकमत्ता साहिब में किया जा रहा है। जिससें बच्चों में कला के प्रति अपने प्रतिभा को पहचान दिखाने में सहयोग मिलेगा। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख कमलजीत कौर ने कहा शिक्षा के साथ ही कला एंव सांस्कृतिक प्रतियोंगिताओं से जहां बच्चों में तनाव कम होता है, वही अपनी संस्कृति को आगे लाने का अवसर प्रदान होता है। दो दिवशीय कला उत्सव में प्रदेश भर के 13 जिलों से बच्चें पहुंचे थे। नैनीताल से आएं बच्चों ने राजस्थानी गाना पधारो हमारें देश पर नृत्य कर सब का मन मोह लिया। वही देहरादून के बच्चों ने शादी समारोह से जुड़ा गीत गाया। इस मौके पर मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र कुमार पलविन्द्र सिंह औलख, गोबिन्द बल्लभ जोशी, हरीश जोशी, परियोजना निदेशक अजीत भण्डारी, अखिलेश ध्यानी, प्रधानाचार्य मदन सिंह जलाल, खिलानन्द अटवाल, सुरेश उप्रेती आदि मौजूद थे।








क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


## सट्टे की खाईबाड़ी करता एक गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। थाना बनभूलपुरा क्षेत्र में पुलिस ने सट्टा खाईबाड़ी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 1140 रुपये की नगदी, सट्टा पर्ची, पेन और गत्ता बरामद किया गया। आरोपी की पहचान बाबू पुत्र अहमद नवी, निवासी गफूर बस्ती, वार्ड 24, थाना बनभूलपुरा के रूप में हुई है। पुलिस बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में गश्त पर थी। जबुलिस गफूर बस्ती स्थित पिंकी की दुकान के पास पहुंची तो उन्हें एक व्यक्ति की जोर से आवाज सुनाई दी, जिसमें वह सट्टे का खेल करने की बात कर रहा था। इस पर पुलिस कर्मियों ने संदिग्ध व्यक्ति को घेर लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टा पर्ची, गत्ता, पेन और नगदी 1140 रुपये बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817



विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# डॉ देवकी नन्दन गहतोड़ी टीचर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। चम्पावत जिले के पाटी ब्लॉक के सुदूर ग्राम बड़ेत के डॉ देवकी नंदन गहतोड़ी को देहरादून में आयोजित देहरादून अंतराष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी महोत्सव 2024 में ष्टीचर ऑफ द ईयरष अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह आयोजन हर वर्ष देहरादून इंटरनेशनल साइंस एंड टेक्नोलॉजी फेस्टिवल के रूप में आयोजित किया जाता है। रसायन विज्ञान विषय में उत्कृष्ट शोधकार्य और शिक्षण कार्य के लिए डॉ गहतोड़ी को यह सम्मान पूर्व डीजीपी उत्तराखंड अभिनव कुमार के द्वारा उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी में आयोजित समारोह में दिया गया। डॉ गहतोड़ी वर्तमान में रसायन विज्ञान विभाग, सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं एवं शिक्षा के क्षेत्र में लगातार अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। डॉ गहतोड़ी ऑनलाइन (यूट्यूब चौनल- गहतोड़ी एकेडमी) एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से लगातार कक्षाओं का संचालन करते हैं, जिससे सभी छात्र-छात्राएँ लाभान्वित हो रहे हैं। डॉ गहतोड़ी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए इसी वर्ष इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ आर्गेनाइज्ड रिसर्च 12व्‍ द्वारा भी राष्ट्रीय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरुस्कार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।डॉ गहतोड़ी उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए ऑस्ट्रेलिया-इंडिया स्ट्रेटेजिक रिसर्च फंड के माध्यम से एक्सचेंज रिसर्च फेलो के रूप में सीएसआईआरओ मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया में कार्य कर चुके हैं। पीएचडी सीएसआईआर भारतीय पेट्रोलियम संस्थान देहरादून से करने के पश्चात डॉ गहतोड़ी, पलाकी यूनिवर्सिटी चेक गणराज्य में पोस्टडॉक्टोरल फेलो के रूप में शोध कार्य कर चुके हैं। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभाग करते हुए अपने शोधकार्य प्रस्तुत किये हैं तथा राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय सेमिनारों में इनवाइटेड स्पीकर एवं की नोट स्पीकर रह चुके हैं। उन्हें सीएसआईआर- जूनियर रिसर्च फेलोशिप एवं सीनियर रिसर्च फेलोशिप से भी नवाजा जा चुका है। डॉ गहतोडी सीएसआईआर-केंद्रीय नमक और समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान भावनगर, गुजरात में भी कार्बोहाइड्रेट केमिस्ट्री में शोध कार्य कर चुके हैं। डॉ गहतोड़ी अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन (एआईएफ) में कैरियर काउंसलिंग रोल मॉडल के रूप में भी छात्रों का मार्गदर्शन करते आ रहे हैं तथा रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री लंदन, इंडियन और एलसेविर के विभिन्न शोध पत्रिकाओं में रिव्युवर के रूप में भी ये अपना सहयोग दे रहे हैं। डॉ गहतोड़ी के शोध कार्य कैटालिसिस क्षेत्र में विभिन्न कार्बनिक एवं अकार्बनिक रूपांतरणो में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर 20 से अधिक शोध पत्र एवं दो पेटेंट प्रकाशित हैं। इनके द्वारा ऑक्सीडेटिव एस्टरीफिकेशन के लिए विकसित क्रियाविधि को रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री लंदन द्वारा उनके प्रतिष्ठित जर्नल ग्रीन केमिस्ट्री में प्रकाशित किया जा चुका है।इस अवसर पर उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति ओमकार सिंह, यू कॉस्ट के डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर दुर्गेश पंत, उत्तराखंड उच्च शिक्षा के संयुक्त निदेशक प्रो ए एस उनियाल, सीएसआईआर इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोलियम देहरादून के डायरेक्टर डॉ हरेंद्र बिष्ट और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। डॉ देवकी नन्दन की इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए प्राचार्य प्रो राजेश कुमार उभान, प्रो. सर्वजीत सिंह, प्रो. हरीश चन्द्र, प्रो. पीपी त्रिपाठी, प्रो. दीपक दुर्गापाल, प्रो. मनोज पांडेय, प्रो. रवीश त्रिपाठी सहित अनेक प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों और प्रकाश सिंह लडवाल आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



# राजस्व वादों का करें त्वरित निस्तारण: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मासिक स्टाफ बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि राजस्व वसूली को त्वरित गति से करते हुए मार्च 2025 तक लक्ष्य को शतप्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने सभी उपजिलाधिकारियों को तहसील स्तर पर राजस्व वसूली हेतु निरंतर समीक्षा करने तथा तहसीलों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली कराने के निर्देश दिए ताकि मार्च तक लक्ष्य पूर्ण हो सकें। जिलाधिकारी ने राजस्व वादों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वसूली के जो भी मामले तहसीलदार, उप जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी न्यायालय में तीन वर्ष से अधिक के है उन्हे प्राथमिकता के आधार पर नियमित कोर्ट लगाकर सुनवाई करते हुए निस्तारित करें। उन्होंने खनन, परिवहन, जीएसटी, आबकारी, बैंकों, निगमों आदि की तहसीलवार बड़ी आरसी की सूची व उनके सापेक्ष की गई वसूली की जानकारी ली, उन्होंने खनन विभाग के लक्ष्य को संशोधित कराकर बढ़ाने व व उसके सापेक्ष वसूली कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन में आरसी जारी करने से पूर्व पूर्ण जांच करा लें, उसके बाद ही नोटिस देकर वसूली की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में चकबंदी कार्य अंतिम चरण में है वहां कार्य में गति लाकर गांव की चकबंदी डिटेल बनाकर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश चकबंदी अधिकारी को दिए। उन्होंने बैंकों से संबंधित आरसीएस पोर्टल पर लॉगिन कर नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जीएसटी रिटर्न फाइलिंग प्रोसेस को बढ़ाते हुए जीएसटी कलैक्शन को बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन भी विभागों में कर्मचारियों के पद रिक्त हैं वे उनकी सूची बनाकरनदेशालयों को प्रेषित करें ताकि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की सरकार की मंशा पूर्ण हो सके। बैठक में एएसपी निहारिका तोमर, संयुक्त मजिस्ट्रेट गदरपुर आसिमा गोयल, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, रविन्द्र बिष्ट, राकेश तिवारी, गौरव चटवाल, अभय प्रताप सिंह, कौस्तुभ मिश्र, रविन्द्र जुवांठा, प्रभारी अधिकारी गौरव पांडे सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी व तहसीलदार आदि उपस्थित थे।



# अनामिका ने साइकलिंग में हासिल किया पहला स्थान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनता इण्टर कॉलेज की कक्षा 11 विज्ञान वर्ग की छात्रा अनामिका प्रजापति ने साइकिलिंग दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिंदुस्तान समाचार पत्र ने 'फिट इंडिया अभियान' के तहत रविवार 24 नवंबर को थर्ड डबलथन (मैराथन और साइकिल) दौड़ का आयोजन किया। 14 आयु वर्ग में विद्यालय की छात्रा अनामिका प्रजापति ने इस अभियान मे प्रतिभाग किया। 5 किलोमीटर साइकिलिंग दौड़ का आयोजन गांधी पार्क से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक किया गया। विद्यालय की छात्रा अनामिका प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि आज विद्यालय खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं शैक्षणिक गतिविधियों में एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है प्रधानाचार्य ने विजेता छात्रा को विद्यालय की ओर से एक साइकिल देने की घोषणा की और उन्होंने अपने संबोधन में कहा यह कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। बल्कि तथा कुछ नया करने का जज्बा हो तो वह खुद ही संसाधनों को जोड़ सकते हैं। विद्यालय के प्रबन्धक पवन अग्रवाल और अध्यक्ष ओमप्रकाश अरोरा ने छात्रा की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बालिका वर्ग की प्रभारी रचना नेगी, संजय आर्या, सोनू कुमार, मनोज सिंह, विरेन्द्र जोशी, यजेन्द्र कुलश्रेष्ठ, हर्षित, निधि, चम्पा, रेनू , अन्य अध्यापक, अध्यापिकाए और छात्राएं उपस्थित रहे।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रपति को भेजा 14 सूत्रीय ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संयुक्त किसान मोर्चा, केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय संघों/एसोसिएशनों का संयुक्त मंच के राष्ट्रीय आह्वान पर भाकपा (माले) और अखिल भारतीय किसान महासभा द्वारा संयुक्त रूप से उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को 17 सूत्रीय ज्ञापन भेजा गया। भाकपा (माले) जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने कहा कि खेती में लगातार घाटा बढ़ने से किसानों पर कर्ज बढ़ता जा रहा है। जिससे लाखों ग्रामीण युव शहरों की ओर पलायन कर ठेका मजदूरों की स्थिति में कार्य करने को मजबूर है। इसके साथ ही केंद्र सरकार द्वारा लगाए जा रहे चार श्रम कोड। न्यूनतम मजदूरी, सुरक्षित रोजगार, उचित कार्य समय और यूनियन बनाने के अधिकार की किसी भी गारंटी को खघ्त्म करते है।उन्होंने कहा कि रक्षा सहित सभी रणनीतिक उत्पादन और रेलवे, बिजली एवं अन्य परिवहन सहित बुनियादी, महत्वपूर्ण सेवाओं का निजीकरण देश की आत्मनिर्भरता को पूरी तरह से खतरे में डाल देगा और सरकार की आय को प्रभावित करेगा।अमित कोहली ने कहा कि, औद्योगीकरण के नाम पर कृषि भूमि का जबरन अधिग्रहण किया जा रहा है, लेकिन वास्तव में यह भूमि अति-धनवानों के मनोरंजन, वाणिज्यिक उपयोग, पर्यटन, रियल एस्टेट आदि के लिए दी जा रही है।ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों भाकपा माले के नैनीताल जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय व अखिल भारतीय किसान महासभा के नेता अमित कोहली ने राष्ट्रपति से भारत के संविधान में निहित न्याय और समानता के पक्ष में मांगो को पूरा करने के लिए तत्काल कार्यवाही करने की मांग की।



# 25 दिसंबर तक देश में एक करोड़ से अधिक लोगों का होगा प्रकृत्ति परीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा 26 नवंबर से 25 दिसंबर के बीच एक करोड़ से अधिक नागरिकों की प्रकृत्ति का निर्धारण आयुर्वेद पद्धति के सिद्धांतों के आधार पर करने का लक्ष्य रखा गया है। अगले वर्षों में देश के सभी नागरिकों के लिये यह योजना लायी जायेगी। जिला कॉर्डिनेटर आशुतोष पंत ने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार वात, पित्त ,कफ के अनुसार सभी मनुष्यों की अलग अलग प्रकृति होती है। यदि एक बार व्यक्ति की प्रकृति तय हो जाय तो यह पता चल जाता है कि उसे क्या खाना चाहिए, क्या नहीं खाना चाहिए, किस मौसम में क्या सावधानी बरतनी चाहिए कि वह स्वस्थ रह सके। चिकित्सक को भी उसकी प्रकृत्ति के अनुसार उसकी चिकित्सा में सुविधा रहेगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में ज्यादातर बीमारियां जीवन शैली से सम्बन्धित हैं। अधिकांश लोगों को यही पता नहीं होती है कि उनका खानपान, आचार व्यवहार क्या होना चाहिये। प्रकृत्ति निर्धारण के बाद व्यक्ति को समय समय पर आयुष विभाग द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से परामर्श दिया जाएगा कि उसके लिये क्या भोजन, आचार, विहार उचित रहेगा। यदि नागरिक इनका पालन करेंगे तो बीमारियों से बचे रहेंगे। इससे स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च बचेगा। नागरिक स्वस्थ रहेंगे तो देश निश्चित ही प्रगति करेगा। श्री पंत ने बताया कि उत्तराखंड राज्य में भारतीय चिकित्सा पारिषद को इस कार्यक्रम के लिये नोडल एजेंसी बनाया गया है। सभी जिला आयुर्वेद अधिकारी जिले के नोडल अधिकारी हैं। हर जिले में निजी चिकित्सकों को इस कार्यक्रम से जोड़ने के लिये अनुभव और कार्यक्षमता के आधार पर एक एक जिला समन्वयक भी बनाये गये हैं। जिला नैनीताल के लिए यह दायित्व उन्हें दिया गया है। 23 नवंबर को देहरादून में इस समबन्ध में बैठक रखी गयी थी। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 293 पंजीकृत आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं। इनके माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों का प्रकृत्ति परीक्षण किया जाएगा। इसमें सरकारी चिकित्सालयों और निजी चिकित्सालयों का सहयोग लिया जाएगा।






# चिन्हीकरण से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की कवायद में जिला प्रशासन द्वारा शहर के सड़क एवं चौराहे चौड़ीकरण को लेकर फिर से चिन्हीकरण की कार्रवाई शुरू की गई है। चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण चिन्हीकरण कार्रवाई शुरू होते ही अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। जिला प्रशासन की टीम द्वारा गत दिवस नैनीताल रोड के नरीमन चौराहे से गौलापुल तक सड़क के दोनों ओर 12 मीटर अतिक्रमण चिन्हीकरण की कार्रवाई की गई।उप जिलाधिकारी परितोषवर्मा सहित राष्ट्रीय राजमार्ग व लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण की परिधि में आ रहे निर्माण को तोड़ने के लिए लाल निशान लगाए गए। जिला प्रशासन ने अतिक्रमण कारियो से स्वयं अपना अतिक्रमण तोड़ने को कहा



है। उप जिलाधिकारी पारितोष वर्मा का कहना है कि जल्द ही अतिक्रमण कारियो को नोटिस के माध्यम से निश्चित समय देकर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा जाएगा। नहीं तो बलपूर्वक अतिक्रमण तोड़कर सड़क चौड़ीकरण कार्य किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण पर लाल निशान लगाने की सूचना मिलते हैं लोग भी इकट्ठा हो गए। एसडीएम परितोष वर्मा ने कहा कि सड़क की बीच से दोनों तरफ 12-12 मीटर की सड़क चौड़ी होनी है। नैनीताल रोड राष्ट्रीय राजमार्ग है। जिन लोगों ने भी अवैध रूप से अतिक्रमण किया है वह स्वत:ही अपना अतिक्रमण हटा ले नहीं तो बल् पूर्वक तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी

# स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का स्टेट स्तर पर चयन

सितारगंज (उद संवाददाता)। स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने खेल महाकुंभ (जिला स्तर) में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की होनहार छात्राएं बवनीत और अशमीत ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर उनका चयन राज्य स्तर पर खेलने के लिए हुआ है। विद्यालय प्रबंधन ने इन होनहार खिलाड़ियों को उनकी इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। स्कूल के प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख, प्रधानाचार्या कमलजीत कौर, वरिष्ठ समन्वयक भूपेंद्र सिंह, शैक्षणिक समन्वयक श्री उत्तम तिवारी, और सहायक समन्वयक श्रीमती सुखवंत कौर ने दोनों छात्राओं को मेडल



और प्रमाण पत्र देकर उनकी इस सफलता को सराहा। विद्यालय परिवार ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी शिक्षकों और छात्रों ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल ने अपने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए उन्हें राज्य स्तर पर बेहतरीनप्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं

# इंडियन डेंटल एसोसिएशन उधम सिंह नगर की अस्मिता बनी अध्यक्ष

रूद्रपुर ।इंडियन डेंटल एसोसिएशन उधम सिंह नगर से जुड़े दंत चिकित्सकों की एक बैठक रूफटॉप बंबूज रेस्टोरेंट में हुई जिसमें कंटिन्यू डेंटल एजुकेशन प्रोग्राम के अंतर्गत गुरुग्राम से आए डॉ अगम भटनागर ने दंत चिकित्सा प्रणाली में आए नए बदलावों की जानकारी दी। उसके उपरांत डॉक्टर महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सन



2025 के लिए इंडियन डेंटल एसोसिएशन उधम सिंह नगर की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमें सर्व सहमति से डॉक्टर अस्मिता मिश्रा को प्रेसिडेंट, डॉक्टर शुभम संदेश जैन को सेक्रेटरी एवं डॉक्टर दीपिका जैन को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया । बैठक में डॉक्टर अशोक प्रकाश अग्रवाल ने नए सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की । सभा में उधम सिंह नगर के लगभग 60 दंत चिकित्सक उपस्थित थे।

# संविधान को व्यक्तित्व में धारण करने की आवश्यकता:प्रो. पाण्डे

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग,अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. के. के. पांडे ने कहा कि संविधान को दिल में उतारकर उसको अपने व्यक्तित्व में धारण करने की आवश्यकता है। इन्हीं रास्तों से प्रगति, विकास और राष्ट्र की बुनियाद मजबूत होती है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के अमित चंद्रा ने संविधान को रेखांकित करते हुए समता, समानता, बंधुता, पंथ निरपेक्षता, एकता, विविधता और प्रभुतासंपन्न आदि महत्वपूर्ण शब्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में इन शब्दों की बड़ी भूमिका है, जिसे हम सबको समझना चाहिए। समाजशास्त्र विभाग के डॉ.




अनिल कुमार सैनी ने कहानियों के माध्यम से राइट्स एंड ड्यूटीज के विषय में बताया। राजनीति विज्ञान के शोधछात्र डेविड जॉन्स ने ज्ञान, विज्ञान और संविधान पर अपने विचार रखे। डॉ. रोहित कुमार ने इक्वलिटी ऑफ ऑल सेक्सन ऑफ सोसायटी ब्रिंग टुगेदर पर अपने विचार रखें। संगोष्ठी के दूसरे सत्र में संविधान के प्रति निष्ठा रखने हेतु शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई। इसके पश्चात संविधान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसमें संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर बीए तृतीय सेमेस्टर के लोकेश चौहान, बीए प्रथम सेमेस्टर की गुनगुन और बीए प्रथम सेमेस्टर की खुशबू, संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर एम ए तृतीय सेमेस्टर के हरीश सिंह रावत और बीए प्रथम सेमेस्टर के आकाश सागर, और तृतीय स्थान पर बीए प्रथम सेमेस्टर की खुशी शर्मा, और बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र रंजीत रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना ने किया। इस अवसर पर डॉ. विकास रंजन, डॉ. सूरजपाल सिंह, डॉ. पूजा, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. प्राची फर्त्याल, डॉ. वंदना, डॉ. खेमकरण सोमन, डॉ. अतीश वर्मा, डॉ. मनप्रीत सिंह, डॉ. कैलाश, प्रो. विजय पाण्डेय, डॉ. संजय सिंह बिष्ट, डॉ. पंकज कुमार, रिंकी, जसविंदर सिंह, सिमरन, सिया, प्रशांत ,शरद आदि उपस्थित रहे।

# लापता सपन मजूमदार की बरामदगी की मांग

रूदपुर। शांति विहार कॉलोनी निवासी सपन मजूमदार की बरामदगी को लेकर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा रुद्रपुर कोतवाली पहुंची, जहां उन्होंने एसएच ओ मनोज रतूड़ी की अनुपस्थिति में एस एस आई मोहन चंद्र जोशी से मुलाकात की, और उन्हें पूरी घटना की जानकारी देकर गुमशुदा सपन मजूमदार की बरामदगी की मांग की। इधर लापता सपन मजूमदार की पत्नी और उनके परिजन श्रीमती शर्मा के नेतृत्व में रुद्रपुर कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने कोतवाल मनोज रतूड़ी की अनुपस्थिति में एस एस आई मोहन चंद्र जोशी से मुलाकात की। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने श्री जोशी को अवगत कराया कि वह इस घटना के बाद आदर्श कॉलोनी चौकी में भी संपर्क



कर रिपोर्ट कर चुके हैं, उन्होंने कहा कि चार दिन पूर्व से शांति विहार कॉलोनी निवासी सपन मजूमदार घर से गल्ला मंडी स्थित चावला इस्पात पर काम करने गया था,जहां से वह फिर घर वापस नहीं लौटा है,और अभी तक लापता है, उन्होंने पुलिस से इस मामले में शीघ्र लापता व्यक्ति को बरामद करने की मांग की,इधर पुलिस अधिकारियों से मुलाकात करने वालों में श्रीमती शर्मा सहित लापता मजूमदार की पत्नी,उनकी बहिन और परिजनों सहित दर्जनों अन्य लोग शामिल थे।

# छात्रों को संविधान के बारे में किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के जिला सचिव योगेंद्र कुमार सागर ने समस्त विद्यालय के छात्रों, अध्यापक तथा कर्मचारियों को संविधान दिवस पर संविधान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने सभी का आह्वान किया कि हम सबका दायित्व है कि हम संविधान का सम्मान करें तथा संविधान में बताए गए मौलिक अधिकार तथा कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहे। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना के बारे में सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर अधिवक्ता मोहम्मद मिराज ने छात्रों को संविधान के इतिहास तथा संविधान के महत्व पर विस्तार से अवगत कराया तथा आह्वान



किया कि प्रत्येक नागरिक को संविधान में बताए गए कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। प्रधानाचार्य राजपति बिंद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संविधान दिवस की ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर लुबिमा पारुल, निशा राजभर, गिरीश शर्मा, यतेंद्र सिंह यादव, प्रमोद बाबू शर्मा, डॉक्टर विपिन गुप्ता,भरत कुमार मिश्रा, लुकमान, प्रीति चौहान सहित समस्त शिक्षक शिक्षाएं तथा छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गिरीश शर्मा ने किया।

# संविधान दिवस पर पदयात्रा एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)। नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर के तत्वाधान में विकासखंड गदरपुर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सुश्री तनीषा चावला द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर पदयात्रा का आयोजन किया गया ।तत्पश्चात राजरानी इंटर कॉलेज मे कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्य उमा रतूड़ी, विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी पंकज काण्डपाल, प्रबंधक के. सी. बक्शी,नेहरू युवा केंद्र की पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सुश्री मुस्कान चावला, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक व कार्यक्रम संयोजक सुश्री तनीषा चावला द्वारा संविधान के निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर संयुक्त रूप से किया गया । कार्यक्रम संयोजक तनीषा चावला ने कहा,संविधान दिवस 2024



की थीम शहमारा संविधान हमारा स्वाभिमानश है । उनके द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियो को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलवाई गई व मौलिक अधिकारों पर चर्चा की गई । विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी पंकज काण्डपाल ने संविधान के महत्व व वर्तमान में संविधान की स्तिथि पर चर्चा की। विद्यालय के प्रबंधक के. सी. बक्शी ने संविधान के इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमे प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम मे विद्यालय के अध्यापक/ अध्यापिकायें व बच्चे उपस्थिति रहे ।

# मुख्य बाजार में कंटेनर आने से बनी जाम की स्थिति

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। मुख्य बाजार में रविवार देर रात्रि बड़े वाहनों के आ जाने से बाजार मे घंटो जाम लगा। जाम में फंसे शादी ब्याह में जा तथा आ रहे लोग परेशान हुए और प्रशासनिक अधिकारियों को कोसते रहे। जाम की सूचना पुलिस को देने के बावजूद भी कोई भी पुलिसकर्मी जाम खुलवाने नहीं आया। सोमवार की रात्रि नगर की मुख्य बाजार में एक भारी भरकम कंटेनर से मुख्य बाजार चौराहे, पंजाब नेशनल बैंक के निकट जाम लग गया। लगभग एक घंटे तक लगे जाम में फंसे शादी ब्याह में जा तथा आ रहे परेशान रहे। जाम में फंसे लोगों में अपने अपने वाहन निकालने को लेकर कई बार नोकझोंक भी हुई। लोगों ने मुख्य चौराहे पर पुलिस गश्त के बावजूद भारी भरकम वहां मुख्य बाजार में आने के बाद बनी जाम की स्थिति से पुलिस प्रशासन को कोसते रहे। क्षेत्र में कई जगह शादी के कार्यक्रम के चलते बारात का आने का सिलसिला जारी है और इसी बीच मुख



बाजार के अंदर भारी भरकम कंटेनर आने से मुख्य मार्ग से गुजरने वाले सभी लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश दिखाई दिए। लोगों का आरोप है कि कुछ दिनों से नगर की ट्रैफिक व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो गई है। बड़े वाहनों के बाजार में आने पर पहले जहां प्रतिबंध था वहीं अब कोई भी प्रतिबंध नहीं है जिस कारण प्रतिदिन जाम लगता है। वही जाम में फंसे नगर पंचायत निवर्तमान अध्यक्ष सीमा सरकार तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिमांशु सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की मुख्य चौराहे से शादी ब्याह के कार्यक्रम के दौरान मुख्य बाजार में भारी भरकम कंटेनर जैसे अन्य वाहन आने से लोगों की बहुत दिक्कतें आ रही है। पुलिस प्रशासन को जाम खुलवाने में सहयोग करनी चाहिए।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## युद्ध के भयावह मंजर

युद्ध का मैदान अंतिम तौर पर किसी ठोस समाधान की ओर नहीं ले जाता। इसका दूरगामी प्रभाव आसपास के देशों पर ही नहीं, पूरे विश्व पर पड़ता है। इतनी प्रगति का क्या फायदा, जब कोई देश युद्ध को लेकर अत्यधिक आक्रामक होकर दूसरे देशों के लोगों और यहां तक कि अपने नागरिकों का भी भविष्य रसातल में ले जाए। यह दुखद है कि दुनिया आज भी युद्ध के भयावह मंजर देख रही है। एक दूसरे पर महीनों से हमले कर रहे देशों को रोक पाने में संयुक्त राष्ट्र भी असहाय है। हैरत की बात है कि संवाद और कूटनीति के इस दौर में आज चंद देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध कर रहे हैं, बिना यह सोचे कि उनकी पीढ़ियां दशकों पीछे चली जाएंगी।विश्व में लगातार बढ़ते संघर्ष के बीच भारत ने एक बार फिर शांति के प्रति अपना सरोकार जाहिर किया है। उसने याद दिलाया है कि युद्ध से कोई ठोस हल नहीं निकलता। रोम में 'एमईडी मेडिटेरेनियन संवाद' के दसवें संस्करण में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया में द्वि-राष्ट्र का समर्थन करते हुए स्पष्ट किया है कि सैन्य अभियानों में बड़े पैमाने पर नागरिकों की मौत को भारत अस्वीकार्य मानता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों की अवहेलना नहीं की जा सकती। इजराइल-फिलस्तीन संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध में हजारों नागरिक मारे जा चुके हैं। भारी तबाही के दृश्यों ने पूरे विश्व को विचलित कर दिया है। पश्चिम एशिया लंबे समय से संघर्ष का दौर देख रहा है। इससे किसी पक्ष का पलड़ा भारी होता दिखा हो सकता है, लेकिन इससे जन-धन की भारी क्षति हुई। खासतौर पर कमजोर पड़ने वाले देश की वर्षों और दशकों के विकास की उपलब्धियां बर्बाद हो गईं। ऐसे में युद्धविराम की आवश्यकता हर कोई महसूस कर रहा है। भारत ने इसकी पुरजोर हिमायत की है, क्योंकि संयम बरत कर और परस्पर संवाद को आगे बढ़ाते हुए ही युद्ध क्षेत्र से बाहर समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। भारत ने संकेत दिया है कि वह अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक प्रयास के लिए सार्थक योगदान देने के लिए तैयार है। पश्चिम एशिया में तत्काल संघर्षविराम कराने के लिए कुछ बड़े देशों को भी आगे आना चाहिए, क्योंकि शांति कायम होने से ही दुनिया आगे बढ़ेगी।

# अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप जांच करेगी खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की लैब

## देहरादून की नई लैब में तेजी से होगी मिलावटखोरी की जांच



देहरादून(उद संवाददाता)। आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि देहरादून स्थित खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की लैब को National Accreditation Board for Testing and Calibration Laboratories (NABL) ने औषधि परीक्षण प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। एनएबीएल प्रमाणन मिलने से देहरादून लैब की जांच रिपोर्ट को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलेगी। डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के तहत यह लैब तैयार की गई है, जहां 3,000 से अधिक नमूनों की जांच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इस लैब में ऑनलाइन प्रमाणीकरण की सुविधा उपलब्ध है। अत्याधुनिक उपकरणों और सात करोड़ रुपये की लागत से बनी यह लैब नकली उत्पाद बनाने और बेचने वालों के खिलाफ प्रदेश में चलाए जा रहे अभियान को गति देगी। डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि लंबे समय से ड्रग इंस्पेक्टरों की कमी से जूझ रहे खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को 18 नए इंस्पेक्टर मिल गये हैं। उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग ने खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग औषधि निरीक्षक ग्रेड-2 के रिक्त 19 पदों का रिजल्ट जारी कर दिया है। जिससे विभाग को और अधिक मजबूती मिलेगी। साथ ही नकली दवाओं के खिलाफ अभियान को तेज करने के लिए यह कदम अहम साबित होगा। अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि विभाग श्री ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि पहले देहरादून लैब के प्रमाणपत्रों की वैधता राष्ट्रीय स्तर तक सीमित थी, लेकिन अब एनएबीएल प्रमाणन के बाद इसे वैश्विक मान्यता मिल गई है। उन्होंने कहा कि यह लैब प्रदेश की दूसरी लैब है और इसे अत्याधुनिक तकनीक से तैयार किया गया है। इसमें एचपीएलसी, यूवी/विजुअल फोटो और एफटीआईआर जैसी मशीनों का उपयोग किया जाता है, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप जांच करती हैं। देहरादून लैब में पांच सेक्शन हैं, जिनमें रसायन परीक्षण, नापतौल, कॉस्मेटिक और माइक्रोबायोलॉजी लैब शामिल हैं। यहां औषधियों, खांसी के सिरप और सौंदर्य उत्पादों की उच्च स्तर की जांच होती है। रुद्रपुर लैब की सीमित क्षमता के चलते देहरादून लैब की जरूरत महसूस हुई। अब यह नई लैब प्रदेश में मिलावटखोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों को नई दिशा देगी।

# संविधान में निहित कर्तव्यों एवं दायित्वों की शपथ दिलाई

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन में संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान में निहित कर्तव्यों एवं दायित्वों की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राज्यपाल ने संविधान की उद्देशिका का पाठन किया। आज ही के दिन, 1949 को भारत के लोगों ने भारत के संविधान को आत्मार्पित किया था। राज्यपाल ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित संविधान के सभी निर्माताओं को नमन करते हुए कहा है कि संविधान भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है और इसकी समस्त शक्तियों का स्रोत भी है। राज्यपाल ने कहा कि स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माण के ऐतिहासिक कार्य में देश के अनेक महा मनीषियों के परिश्रम और महान विचारों की व्यापकता से एक लोक कल्याणकारी संविधान की मजबूत संरचना संभव हुई थी। राज्यपाल ने कहा कि संविधान दिवस हम सब के लिए भारत के संविधान में निहित सच्चे आदर्शों, सुदृढ़ सिद्धान्तों और पवित्र कर्तव्यों के बोध को स्मरण करने का दिन है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित दस्तावेज है, जो एक राष्ट्र के रूप में हमारे लिए एक प्रकाश स्तंभ है। इसकी रोशनी में हमारा राष्ट्र और नागरिक भारत के स्वर्णिम भविष्य की संरचना कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि संविधान दिवस के इस अवसर पर हमें हमारे संविधान निर्माताओं द्वारा जताए गए विश्वास को बनाए रखने के लिए संविधान में दिए गए कर्तव्यों के प्रति पूर्ण सचेत होना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को संविधान के अनुच्छेद 51(क) में निहित मौलिक कर्तव्यों का बोध करके उसी अनुसार आचरण करना होगा। संविधान निर्माताओं की इस भावना को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए संविधान के मूल्यों और इसमें निहित मूल कर्तव्यों को पूर्णतः जीवन में उतारना होगा। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी श्री राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




# केन्द्रीय गृह मंत्री के मसूरी दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्थाएं पुख्ता करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता) मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के 28 नवंबर को प्रत्सवित उत्तराखंड दौरे को लेकर लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी, मसूरी के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक की। मुख्य सचिव ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उत्तराखंड दौरे को लेकर आयुक्त गढ़वाल मण्डल, पुलिस उप महानिरीक्षक गढ़वाल रेंज, जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून सहित सभी संबंधित अधिकारियों को समस्त सुरक्षा व्यवस्थाएं पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। इस बैठक में पुलिस महानिदेशक श्री दीपम सेठ, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, एडीजी श्री ए. पी. अंशुमान, आईजी श्री के. एस. नगन्याल, सचिव श्री पंकज कुमार पाण्डेय, श्री दीपेन्द्र चौधरी, डॉ. आर. राजेश कुमार, श्री विनोद कुमार सुमन, आयुक्त गढ़वाल श्री विनय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून श्री सविन बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अजय सिंह, अपर सचिव श्रीमती सोनिका सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# पायलट बाबा के आश्रम की संपत्ति खुर्द बुर्द करने का आरोप

हरिद्वार। हरिद्वार में पायलट बाबा आश्रम के साधु संतों पर उनके इलाज में लापरवाही बरतने और करोड़ों की धोखाधड़ी करने समेत कई आरोप लगे हैं। इस मामले में अब एसएसपी के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी साधु संतों के विरुद्ध लगे गंभीर आरोपों की जांच करेगी। बता दें कि शिष्य ब्रहमानन्द गिरी ने जगजीतपुर में पायलट बाबा आश्रम के अन्य साधू संतों के खिलाफ आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की थी। जिसके बाद अब पुलिस जांच में जुटी है। एसआईटी में जूही मनराल क्षेत्राधिकारी नगर, मनोज नौटियाल थानाध्यक्ष कनखल, अमित नौटियाल थाना कनखल, पवन डिमरी सीआईयू हरिद्वार, जसवीर थाना कनखल और वसीम सीआईयू हरिद्वार को शामिल किया गया है।

# यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वालों के खिलाफ देहरादून पुलिस ने चलाया अभियान

देहरादून(उद संवाददाता)। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दून पुलिस अभियान चलाए हुए है। एसएसपी देहरादून ने आज फील्ड में उतरकर नगर क्षेत्र का भ्रमण किया। इसके साथ ही शहर के आउटर एरिया में दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसएसपी अजय सिंह ने निर्माणाधीन देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस वे का निरीक्षण किया. एक्सप्रेस वे के शुरू होने के बाद एसएसपी ने आशारोड़ी और उसके आसपास के मार्गो पर पड़ने वाले यातायात के दबाव का आंकलन किया। इसके साथ ही शहर के आउटर एरिया में आशारोड़ी, पण्डितवाड़ी, नन्दा की चौकी स्थानों में बोटल नेक और दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। एसएसपी अजय सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों विशेषकर युवा वर्ग के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए. एसएसपी ने उक्त स्थानों पर पूर्व में हुई सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की



जानकारी लेते हुए उक्त स्थानों पर लाईट, रिफ्लेक्टर साईनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने ठंड के मौसम के दौरान कोहरा और धुन्ध बढ़ने से विजीबिलटी में आने वाली कमी से सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ने की सम्भावनाओं के दृष्टिगत सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में दुर्घटना सम्भावित स्थलों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाने और उक्त स्थानों पर आवश्यकता होने पर ब्लिंकर लाइटों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरानैचने नन्दा की चौकी क्षेत्र में बिना हेलमेट, ओवर स्पीडिग कर वाहन चला रहे युवाओं को रोककर यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी।

# हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के उत्पादों से हुई कुल 34,52,330 रूपये की बिक्री

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के विजन के अनुरूप राज्य के समग्र विकास के लिए गांवों की आर्थिकी को मजबूत किया जा रहा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस ब्रांड के तहत उत्तराखण्ड के परंपरागत उत्पाद अब देश विदेश में पहुंच रहे हैं, सरकारी खरीद के जरिए भी ब्रांड की मांग बढ़ाई जा रही है। एक साल के भीतर ही अर्थात बीते 11 महीनों में हाउस ऑफ हिमालयाज कुल 34,52,330 की बिक्री दर्ज करने में कामयाब रहा है। अब हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के उत्पाद ऑफलाइन के साथ ही ई कामर्स साइट अमेजन और ब्रांड की खुद की अपनी वेबासइट http-houseofhimalayas-com पर भी मिल रहे हैं। वर्तमान में हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के तहत आठ श्रेणी में



कुल 35 उत्पादों को शामिल किया गया है। सरकार स्थानीय मेलों, त्यौहार के मौकों पर हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पादों को खरीदने पर जोर दे रही है। साथ ही सरकारी कार्यक्रमों और कार्यालयों के जरिए भी हाउस ऑफ हिमालयाज की बिक्री बढ़ाने की रणनीति तैयार की गई है। दीपावली जैसे त्यौहार के लिए हाउस ऑफ हिमालयाज की ओर से खास गिफ्ट पैक उपलब्ध कराए गए थे, जिन्हें खूब पसंद किया गया। सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा ने बताया कि उत्तराखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों के उत्पादों को अगले तीन साल में कुल ब्रिकी को और अधिक बढ़ाते हुए पांच लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के तहत किसानों और ग्रामीण महिलाओं की आय में 50 से 75 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है।

# तहसील स्तर पर नियमित कोर्ट लगाने के निर्देश

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व स्टाफ की मासिक समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने बैठक में राजस्व व रेगुलर पुलिस, खनन, परिवहन, आबकारी विभाग, दैवीय आपदा व राजस्व वसूली आदि के तहत अद्यावधि तक की गई कार्रवाई एवं उपलब्धि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि 15 दिन में गति न लाने वाले संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। साथ ही खतौनी पुनरीक्षण कार्यो की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए 10 दिन के भीतर इसे पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील स्तर आयोजित कोर्ट, दायर और निस्तारित वाद की जानकारी लेते हुए तहसील स्तर पर नियमित कोर्ट लगाने व लंबित वादों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। खतौनी पुनरीक्षण की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी एसडीएम को



तहसील स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा करते हुए पुनरीक्षण कार्यो को दस दिन के भीतर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। आयोग से संबंधित शिकायती पत्रों का समय पर निस्तारण किया जाए। न्यायालयों में फौजदारी अपील, विशेष सत्र परीक्षण सहित राजस्व के लंबित पुराने वादों का प्राथमिकता पर निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विविध देयकों की प्राथमिकता पर वसूली करते हुए निर्धारित लक्ष्य हासिल किया जाए। वाहनों की ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, नशा करके वाहन का संचालन आदि अभियोग में पुलिस व राजस्व अधिकारियों के साथ संयुक्त चेकिंग करके चालान में प्रगति लाने के निर्देश दिए। तहसील स्तर पर विस्थापन संबंधी कार्यो में गति लायी जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों का निर्धारित अवधि में निर्गत करना सुनिश्चित करें। बैठक में राजस्व पुलिस में लम्बित वाद, वाणिज्य कर, स्टांप तथा निबंधन, खनन, आबकारी, ऑडिट आपत्ति, पेंशन प्रकरण, शिकायत प्रकोष्ठ आदि प्रकरणों समीक्षा भी की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, उपजिलाधिकारी मोनिका, जितेंद्र वर्मा, अभियोजन अधिकारी सीमा भेतवाल, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार बर्मन, प्रभारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी हरीश रावल, शासकीय अधिवक्ता बसंत बल्लभ पाठक, जीपी उपाध्याय समेत अन्य अधिकारी व पटल सहायक मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर बाल विवाह के खिलाफ चलाया विशेष अभियान

गदरपुर( उद संवाददाता)। नजदीकी ग्राम मकरंदपुर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मनप्रीत कौर ने बाल विवाह के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए उपस्थित महिलाओं और किशोरियों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई । इस मौके पर बोलते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मनप्रीत कौर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में बाल विवाह की समस्या वास्तव में गंभीर है और वह स्वयं कई बार बाल विवाह



रुकवा चुकी हैं और इस समय भी लगातार हम लोग बाल विवाह के खिलाफ काम कर रहे हैं । ऐसी स्थिति में बाल विवाह की घटनाएं प्रकाश में आती है। यदि हमें कोई बाल विवाह की सूचना देता है तो हम इसकी सूचना को गुप्त रखते हैं और पुलिस और प्रशासन के अलावा अन्य समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से बाल विवाह रूकवाते हैं और इसी क्रम में आज मकरंदपुर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर बाल विवाह के खिलाफ उपस्थित महिलाओं और किशोरियों को शपथ दिलाई गई।

# सिक्स सिग्मा में मनाया संविधान दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता शुभम छाबड़ा रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिवक्ता शुभम छाबड़ा ने भारतीय न्याय संहिता के सम्बन्ध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने नवीनतम कानून संशोधन एवं भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न धाराओं तथा अधि




नियम के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। इसके साथ-साथ भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान में संविधान शपथ समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की निदेशिका डा. सीमा अरोरा, प्रबंधकीय सदस्य वंश डावर एवं शौर्य अरोरा , प्रधानाचार्य अभियन्त्रिकी ललित सिंह बिष्ट, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी कार्तिक हालदार, वरिष्ठ अधिकारी चन्दन सिंह राणा, संस्थान के मुख्य प्राशसनिक अधिकारी अनुभव बाठला, टी.एंड पी. हेड रजत धवन, गिरीश गुरुरानी, दीपिका नेगी, मिली मण्डल, अमन श्रीवास्तव, शिवम शर्मा, प्रियरंजन तिवारी, नेहा मण्डल, अक्षिता बाँगा, पूजा बाल्मीकि एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाये मौजूद रहें।

# सुबोध कुमार शर्मा को मिला कपिलश सम्मान

गदरपुर (उद संवाददाता)।विश्व किर्तिमान स्थापित करने वाली संस्था कपिलश फाउंडेशन के सातवें अधिवेशन काव्य वीथिका व वार्षिकोत्सव सम्मान, पुस्तक समारोह में पीडब्ल्यूडी डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के सभागार लखनऊ में गदरपुर के वरिष्ठ कवि सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी को 'कपिलश साहित्य श्री



सम्मान' से सम्मानित किया गया। सुबोध कुमार शर्मा के काव्य पाठ को श्रोताओं ने खूब सराहा । संस्थापक अध्यक्ष शिप्रा खरे व संस्थापक लक्ष्मी खरेने सभी साहित्य कारों का आभार व्यक्त किया देश के सत्तर कवियों ने काव्य पाठ किया। संचालन यतीश शुकला ने किया।सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी जी ने साहित्य श्रेत्र में गदरपुर का नाम बढ़ाया है। श्री शर्मा को सभी साहित्य कारों ने बधाई दी है।

# बाबा साहब को किया नमन

किच्छा( उद संवाददाता)। संविधान दिवस पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री नितिन चरन के नेतृत्व में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में माल्यार्पण व विचार गोष्ठी का कार्यक्रम किया गया। संविधान पर प्रकाश डालते हुए मोर्चा जिला महामंत्री नितिन चरन ने बताया कि संविधान दिवस हमारे लोकतांत्रिक मूल्य और संविधान के महत्व को याद दिलाता है। डॉ भीमराव अंबेडकर को संविधान का पिता



कहा जाता है। इस दिन हम उनके योगदान को याद करते हैं। संविधान कानून के शासन को सुनिश्चित करता है और सभी नागरिकों को सामानता प्रदान करता है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, भाजपा महिला मोर्चा मंडल मंत्री प्रियंका वाल्मीकि, विजय अरोरा,धनिराम, चूड़ामणि सागर, सचिन चरन,अंकित कुमार, हरीश सक्सेना,श्याम बिष्ट, आशीष तिवारी, देवेंद्र शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालातों में युवक लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नारायण कालोनी ट्रांजिट कैम्प से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दे दी है। अखिलेन्द्र पुत्र वीर सिंह निवासी वार्ड 2, नारायण कालोनी, ट्रांजिट कैम्प ने पुलिस को बताया कि उसका छोटा भाई धीरज 5 नवम्बर को घर से बिना बताये कही चला गया है। उसने घर के आसपास, उसके दोस्तो से और अपने करीबी रिश्तेदारो के पास काफी खोजबीन की लेकिन छोटे भाई धीरज का कही कुछ पता नहीं लगा। पुलिस ने धीरज की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है।

# डीएम ने नगर निगम में मारा छापा,अनुपस्थित मिले 73 अधिकारी कर्मचारी

हरिद्वार(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने नगर निगम कार्यालय औचक छापेमारी की जिससे कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच खलबली मच गयी। बुधवार सुबह 10:10 बजे हुई इस छापेमारी में 73 कर्मचारी और अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अनुपस्थित सभी कार्मिकों का वेतन रोकने और उनसे स्पष्टीकरण लेने के निर्देश जारी किए।छापेमारी के दौरान जिलाधिकारी ने सूचना का अधिकार से संबंधित पटल की स्थिति का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि रजिस्टर अपडेट नहीं था और प्रविष्टियां अधूरी थीं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रजिस्टर को तत्काल अपडेट किया जाए और सभी प्रविष्टियां सही ढंग से दर्ज की जाएं। इसके साथ ही, उन्होंने विभिन्न



पत्रावलियों की स्थिति का भी जायजा लिया और इन्हें सुरक्षित और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के फील्ड कार्मिकों की कार्यप्रणाली पर भी सख्त निगरानी रखी जाए और शहर की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी और कर्मचारी अवकाश स्वीकृत किए बिना अनुपस्थित नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा, जनता के कार्यालय पहुंचने से पहले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल पर निर्धारित समय पर उपस्थित होना होगा। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि भविष्य में भी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। जो अधिकारी या कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम की इस सख्त कार्रवाई के बाद नगर निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। इस कदम को रूटीन कार्यों में लापरवाही खत्म करने और नगर निगम की कार्यक्षमता बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

## पेज एक का शेष...

**एनडी तिवारी से बड़ी लकीर....**ऐसी है कि वह जनता के बीच एक पल में ही खास से आम बन, सत्ता और आम इंसान के बीच का फैसला चुटकियों में खत्म करके जनसाधारण को आश्चर्य चकित कर देते हैं। अक्सर देखा गया है कि सीएम धामी अपने प्रवास के दौरान मॉर्निंग वॉक में जरूर निकलते हैं। मॉर्निंग वॉक के दौरान आम लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जानने और सामान्य लोगों के बीच जलपान करने तथा सरकार के कार्यों का फीडबैक लेने में तनिक भी गुरेज नहीं करते। लोकसभा चुनाव के दौरान सीएम धामी के मुंबई प्रवास के समय का मॉर्निंग वॉक का वीडियो सोशल मीडिया में पिछले दिनों काफी वायरल हुआ था। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने कुछ दिनों पूर्व उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण में आम लोगों से बड़ी ही आत्मीयता से मुलाकात की थी और साथ में बैठकर चाय का आनंद भी लिया था। केदारनाथ उपचुनाव के प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री ने काली मठ के दर्शन करके लौटते वक्त अचानक रास्ते में फ्लीट रोक दी थी तथा गुप्तकाशी बाजार में कपड़े की दुकान में जा पहुंचे थे और एक सामान्य आदमी की तरह खरीददारी की थी। मुख्यमंत्री को दुकान में बड़ी सादगी के साथ खरीदारी करते देख हर कोई हैरान रह गया।मुख्यमंत्री ने दुकानदार की कुशलक्षेम पूछने के बाद एक जैकेट दिखाने को कहा। राज्य के मुख्यमंत्री को सामान्य ग्राहक की भांति व्यवहार करते देख दुकानदार हैरान रह गया। इस दौरान दुकानदार ने मुख्यमंत्री से चाय पीने का अनुरोध किया तो मुख्यमंत्री ने सहज स्वीकार किया।बाद में मुख्यमंत्री धामी ने जैकेट खरीदकर दुकानदार को जैकेट के दाम चुकाए और धन्यवाद दिया। इस दौरान दुकानदार प्रदीप कुमार ने मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि 31 साल की दुकानदारी में इतने सरल, सौम्य और सादगी वाला नेता नहीं देखा ।बीते रोज धामी ने एक बार फिर सत्ता और आम इंसान के बीच का फासला पूरी तरह खत्म कर दिया। इस दफा दिल्ली दौरे से लौटे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को यमुना कॉलोनी चौक में काफिला रुकवाकर अपने पुराने परिचित दुकानदारों एवं आम जन से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी और अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए मुख्यमंत्री दुकानों में खरीददारी करने लगे । इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपकार पान भंडार में राजेश कुमार 'राजू भैया' से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री को अपने बीच में पाकर राजेश कुमार भावुक नजर आए। मुख्यमंत्री ने अन्य लोगों से भी मुलाकात कर उनके हाल चाल जाना एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं का फीडबैक भी लिया। मुख्यमंत्री श्री धामी अपने सरल और सौम्य व्यवहार के चलते आम जनता के बीच एक अलग पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। आम जनता भी श्री धामी को अपने बीच पाकर काफी प्रफुल्लित और गोरवान्वित महसूस करती है। श्री धामी उत्तराखंड में ही नहीं बल्कि पूरे देश में एक रोल मॉडल नेता के रूप में उभर कर सामने आ रहे हैं और पूरे देश में उनके प्रशंसकों की संख्या में खूब इजाफा हो रहा है।

**टेम्पो में यात्री के ..**कहा तो हरिओम ने बैग को कुछ भी ना होने का आश्वासन देकर उसे आगे बिठा दिया और पीछे तीन लोगों को बिठाया । सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पता लगा कि वह लोग उसका काफी देर से पीछा कर रहे थे । पीछे बैठे लोग मार्ग में धान मिल किच्छा उतर गये । जब उसने अपना बैग किच्छा उतर कर देखा तो बैग से आभूषण गायब थे । मामले को तुरन्त चौकी बाजार रूद्रपुर में दी गई। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर आभूषण चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

**शादी से 15 दिन पहले...**के बाबजूद 4 दिन बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई है। पीड़िता ने पुलिस पर हीलाहवाली का अरोप लगाते हुये युवती को भगाने में युवक के परिजनों की शह देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जल्द पुलिस के उच्चधिकारियों से शिकायत करेंगी।

**गश खाकर गिरे...**जिला चिकित्सालय ले जाया गया। वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने बैजनाथ को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

**चोरों ने बंद..**और जल्द ही चोरी के खुलासे का आश्वासन दिया। कृष्णा बाई ने बताया कि उसके पति का कुछ समय पूर्व स्वर्गवास हो गया था और लगभग 1 वर्ष पूर्व अपनी छोटी पुत्री का विवाह किया था जिसको दान स्वरूप देने के लिए घर में सोने चांदी के जेवरात और नगदी रखी थी।


## सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम पलक वेद(PALAK VAID) था अब मैंने अपना नाम बदलकर पलक वेद जैन((PALAK VAID JAIN) रख लिया है । भविष्य में अब हर मौके, विवरण में मेरे नए नाम पलक वेद जैन (PALAK VAID JAIN) से ही संबोधित किया जाए ।

पलक वेद जैन पत्नी श्री शुभम संदेश, निवासी फ्लैट नंबर 403 ओमेक्स रिवेरा प्लॉट नंबर भी ॥ ई एनएच 87 पंतनगर रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर,उत्तराखंड - 263153

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम अमित कुमार (AMIT KUMAR) था अब मैंने अपना नाम बदलकर अमित कुमार गुप्ता (AMIT KUMAR GUPTA) रख लिया है। भविष्य में अब मुझे हर मौके, विवरण में मेरे नये नाम अमित कुमार गुप्ता (AMIT KUMAR GUPTA) से ही सम्बोधित किया जाये।

अमित कुमार गुप्ता पुत्र श्री ओम प्रकाश, निवासी-मैसर्स सिद्दी विनायक, इण्डर० सोल०,श्रीराम मार्केट शिमला बहादुर, ट्रांजिट कैम्प, रूद्रपुर जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ग्राम पंचायतों में प्रशासकों की नियुक्ति के आदेश

## 7,477 ग्राम पंचायतों में सहायक विकास अधिकारियों को प्रशासक बनाया जाएगा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के हरिद्वार जिले को छोड़कर अन्य 7,477 ग्राम पंचायतों में बुधवार शाम से प्रशासक नियुक्त कर दिए जाएंगे। ग्राम पंचायतों में सहायक विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतों का प्रशासक बनाया जाएगा, जबकि क्षेत्र पंचायतों में 29 नवंबर से प्रशासक नियुक्ति किए जाएंगे। शासन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। सचिव चंद्रेश कुमार के जारी आदेश के मुताबिक, हरिद्वार जिले को छोड़कर राज्य की समस्त गठित ग्राम पंचायतों का 27 नवंबर को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। जिनमें नई ग्राम पंचायतों के गठन या कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से छह महीने के भीतर जो भी पहले हो प्रशासक नियुक्त किए जाएंगे। जिलों के विकासखंड के सहायक विकास अधिकारी पंचायत को प्रशासक नियुक्त करने के लिए संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों को अधिकार दिया गया है। डीएम की ओर से नियुक्त प्रशासक निर्वाचित ग्राम पंचायत के कार्यकाल की समाप्ति पर ग्रहण करेंगे, जो नीतिगत निर्णय नहीं लेंगे एवं सामान्य रुटीन कार्यों को ही कर सकेंगे। जबकि, क्षेत्र पंचायतों में हरिद्वार जिले को छोड़कर अन्य सभी जिलों की क्षेत्र पंचायतों में 29 नवंबर से प्रशासक नियुक्त किए जाएंगे। प्रशासक के रूप में एसडीएम को नियुक्त किया जाएगा। इसके लिए भी जिलाधिकारियों को अधिकार दिया गया है। निदेशक पंचायतीराज निधि यादव के अनुसार बुधवार शाम ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होते ही प्रशासकों को नियुक्त कर दिया जाएगा। शासन ने जिलाधिकारियों को इसके लिए अधिकार दिया है।

## निकाय चुनाव में मेयर के लिए अब चुनाव खर्च सीमा 16 से बढ़ाकर 30 लाख रूपये

देहरादून। राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव से पहले चुनाव खर्च की सीमा में बढ़ोतरी कर दी है। आयोग ने निगम के मेयर के लिए अब खर्च सीमा 16 से बढ़ाकर 30 लाख, पालिकाध्यक्ष की छह से बढ़ाकर आठ लाख, नगर पंचायत अध्यक्ष की दो से बढ़ाकर तीन लाख रुपये तक कर दी है। आयोग ने जमानत राशि और नामांकन पत्र मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने अधिकतम निर्वाचन व्यय और उसकी लेखा परीक्षक आदेश 2024 जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि प्रत्याशियों के चुनावी खर्च की कड़ी निगरानी की जाएगी। प्रशासन की ओर से प्रत्याशियों के खर्च का निरीक्षण और उनके लेखा-जोखा का परीक्षण किया जाएगा। व्यय प्रेक्षक चुनाव के दौरान दौरा करेंगे। प्रत्याशियों को खर्च का पूरा ब्यौरा उपलब्ध कराना होगा। प्रत्याशियों को चुनावी खर्च के ब्यौरे में नामांकनपत्र का मूल्य, जमानत राशि, मतदाता सूची खरीद का खर्च, निर्वाचन घोषणा पत्र का खर्च, पोस्टर, हैंड बिल छपवाने, चिपकवाने का खर्च, निर्वाचन कार्यालय का किराया, विज्ञापन छपवाने पर खर्च, प्रचार सभाओं पर खर्च, सभाओं के लिए पंडाल, साउंड, फोटोग्राफर, वीडियो आदि पर खर्च, महत्वपूर्ण व्यक्तियों को बुलाने पर होने वाला खर्च, झंडे बैनर, निर्वाचन एजेंट आदि का पूरा खर्च देना होगा। **नगर निगमों में चुनाव खर्च सीमा :** नगर निगमों में मेयर 40 वार्ड तक 20 लाख,मेयर 60 वार्ड तक 25 लाख, मेयर 61 से अधिक वार्ड 30 लाख, डिप्टी मेयर दो लाख, सभासद तीन लाख। **नगर पालिका में चुनाव खर्च सीमा:** अध्यक्ष 10 वार्ड तक छह लाख, अध्यक्ष 10 से अधिक वार्ड आठ लाख, सदस्य 80 हजार। **नगर पंचायतों में चुनाव खर्च सीमा:** अध्यक्ष तीन लाख, सदस्य 50 हजार।

## डॉ.दीपक छाबड़ा के पिता का निधन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। द मेडिसिटी हॉस्पिटल के एमडी और प्रतिष्ठित बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दीपक छाबड़ा के पिता जी एवं प्रतिष्ठित गायनी चिकित्सक अंजू छाबड़ा के ससुर नारायण दास छाबड़ा का आज सुबह निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। तमाम लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। नारायण दास छाबड़ा पिछले काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। बुधवार प्रातः उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार 3 बजे बाद किच्छा रोड स्थित राम बाग शमशान घाट में होगा। शव यात्रा उनके निवास स्थान बत्रा कॉलोनी से तीन बजे निकलेगी। दिवंगत नारायण दास छाबड़ा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे लेकिन पिछले काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। आज उनके निधन का समाचार मिलते ही तमाम राजनैतिक, धार्मिक और सामाजिक लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

## गोलीकांड के एक और आरोपी ने किया सरेंडर

रुद्रपुर। जनपद में आपराधियों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्यवाही में कई बदमाशों को गोली लगने से आरोपियों में खौफ बढ़ गया हैं जाफरपुर में हुए गोलीकांड मामले में एक और आरोपी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।12 अक्तूबर की रात जाफरपुर में दो पक्षों ने एक-दूसरे पर 50 राउंड से अधिक फायर किए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के 13 लोगों पर केस दर्ज किया था। चार आरोपियों करन सिंह, सतेंद्र सिंह, बलराम विश्वास और पुष्पराज सिंह उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने फरार चल रहे आठ आरोपी हरेंद्र सिंह विर्क, जसवीर सिंह, हरमन सिंह, गुरप्रीत उर्फ गोपी, मनमोहन सिंह, कांवल सिंह, बलजीत उर्फ बल्ली और साहब सिंह उर्फ साबी के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू लिया था। एसएसपी ने जसवीर सिंह, मनमोहन सिंह और साहब सिंह पर पांच-पांच रुपये का इनाम घोषित किया था। इस बीच पांच रुपये के इनामी एक आरोपित मनमोहन सिंह के अलावा गुरप्रीत ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था।

## बाहरवाली के लिए कथित पत्रकार ने घर वाली को दिया तलाक, रपट दर्ज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में बाहर वाली की चाहत में एक कथित पत्रकार ने घर वाली को तीन तलाक दे दिया। इससे पहले उसने जमकर ड्रामा भी किया। जहर बताकर नशे की गोलियां निगल कर पत्नी और मायके वालों को डराया। लेकिन अस्पताल पहुंचते ही उसकी वास्तविकता सामने गई। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने कथित पत्रकार समेत पांच लोगों पर मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम के तहत मुकदमा कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में जोशी विहार गौजाजाली निवासी मो. समीर ने पुलिस को बताया कि 16 वर्ष पहले उसकी बहन रीना का निकाह वारसी कालोनी बनभूलपुरा निवासी समी आलम से हुआ था। दोनों की दो बेटियां हैं। आरोप है कि समी शादी के दो वर्ष बाद एक लड़की को लेकर भाग गया। थाने तक मामला पहुंचने पर उसे पुलिस ने पकड़ा तो समी ने माफी मांग ली। हालांकि वह हरकत से बाज नहीं आया। समी खुद को पत्रकार बताकर रीना को धमकाने, मारपीट करने लगा। 6 नवंबर को समी ने उससे मारपीट की। अगले दिन समीर उसे को लेकर घर आ गया। 8 नवंबर को समी ने उनके घर में घुस कर तोड़फोड़ कर दी साथ ही धमकाया कि अगर रीना घर नहीं लौटी तो वह तलाक दे देगा। इस पर वह ससुराल लौट गई। ससुराल पहुंचकर पत्नी को खबर मिली कि समी ने दूसरा निकाह कर लिया है। 9 नवंबर को रीना ने इस संबंध में समी से पूछताछ की तो समी ने जहर बता चार गोलियां निगल लीं। जहर से डरे परिजन उसे सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल ले गए। जहां से उसे एसटीएच रेफर कर दिया गया। एसटीएच में पता लगा कि उसने जहर नहीं नशे की गोलियां खाई हैं। 10 नवंबर को समी अस्पताल से घर पहुंचा तो उसने रीना को तीन तलाक दे दिया और घर से निकाल दिया। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर समी आलम, उसकी मां जरीना, बहन गुड़िया, भाई दानिश, बहन साईस्ता के खिलाफ मारपीट व तीन तलाक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# 8.30 एकड़ में फैले केदार हाइट्स में सौदेबाजी शुरू

### काशीपुर में भू माफिया दे रहे सरकार को चुनौती, सांठ-गांठ के बूते चल रहा गैरकानूनी खेल

**-मनोज श्रीवास्तव-**

काशीपुर। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारियों की गलत नीतियों के कारण भूमाफियाओं के हौसले यहां लगातार बुलंद है। कुंडा थाना क्षेत्र में मालधन रोड पर भरतपुर के समीप 8:30 एकड़ में केदार हाइट्स का काम चल रहा है। यह पूरा इलाका प्राधिकरण के दायरे में आता है लेकिन इसके बावजूद प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही से गुरेज कर रहे हैं। साइड पर नक्शा लेकर प्लाट बेचने बैठे लोगों से जब इस बारे में बातचीत किया तो उन्होंने बताया कि अभी इस पूरे कॉलोनी का नक्शा पास नहीं है और ना ही 143 कराया गया है। बताया कि जमीन के कुछ टुकड़े के 143 के लिए फाइल लगाई गई है यानी जमीन के छोटे टुकड़े की 143 कराने के बाद यही दस्तावेज दिखाकर 8:30 एकड़ भूमि का प्लाटों में सौदा किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक प्राधिकरण के दायरे में प्लाटिंग करने करने वाला व्यक्ति यूपी के मुरादाबाद का रहने वाला है। मौजूद व्यक्ति ने बताया कि प्राधिकरण के अधिकारी कई बार आ चुके हैं। उनकी खातिरदारी होती रहती है। कुमाऊं कमिश्नर ने अभी बीते दिवस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान प्रदेश के चार जनपदों में बाहरी व्यक्तियों द्वारा जमीन के खरीद फरोख्त पर पूरी तरह अंकुश लगाने का




फरमान सुनाया है। काशीपुर कुंडा तथा आईटीआई थाना क्षेत्र में यदि गहनता से जांच पड़ताल की जाए तो बाहरी व्यक्तियों द्वारा भूमि खरीदे जाने के दर्जनों मामले उजागर हो सकते हैं। इसमें कई ऐसे भी हो सकते हैं जो दस्तावेजों में धार्मिक प्रयोजन के लिए दर्शाए गए हैं लेकिन उक्त भूमि पर काम कुछ और हो रहा है। फिलहाल जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के तत्कालीन बीसी द्वारा पूर्व में की गई ताबड़तोड़ कार्यवाही से भू माफियाओं के हौसले पस्त हुए थे लेकिन जानकार बताते हैं कि विभाग में ईमानदार अधिकारी के साथ ही कुछ भ्रष्ट अधिकारी भी है जो भूमाफियाओं को संरक्षण देने का उन्हें बचाने का काम करते हुए मोटा माल बटोर रहे हैं। काशीपुर की बात करें तो जसपुर खुर्द, कुंडेश्वरी रोड, अलीगंज रोड, दढियाल रोड, ढकिया गुलाबो रोड व जसपुर रोड समेत नवनिर्मित फोरलेन के दोनों और अवैध प्लाटिंग की भरमार है। इनमें से अधिकांश प्राधिकरण के दायरे में आते हैं। मजे की बात यह है कि यहां जितने भी भू माफिया हैं वह सभी अभियंताओं के सीधे संपर्क में है इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभागीय कार्यवाही किस हद तक संभव हो पा रही है। अलीगंज रोड पर एक स्कूल के सामने दुकान का कंपलीट निर्माण करा दिया गया बाकी बचे भूभाग को प्लाटिंग कर बेचा जा रहा है। इसी तरह जसपुर रोड पर ग्राम मिस्सरवाला के समीप बेस पॉइंट के सामने बड़े भूभाग पर अवैध प्लाटिंग का तेजी से काम चल रहा है।

